# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–21 मई 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान के बीकानेर से एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**कल 103 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन किया जाएगा, सबसे ज्यादा 19 स्टेशनों का उद्घाटन उत्तर प्रदेश में किया जाएगा। इन स्टेशनों को कई शहरों की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और धार्मिक विरासत को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। चौड़ी सड़कें, अंडरपास, फुट ओवर ब्रिज, आधुनिक प्रतीक्षालय, लाउंज, आधुनिक शौचालय और लिफ्टों का निर्माण कर इन अमृत भारत स्टेशनों को यात्रियों के लिए सुविधाजनक और आरामदेह बनाया गया है। इन स्टेशनों को दिव्यांगजनों की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया गया है ताकि उन्हें आवागमन में कोई दिक्कत ना हो। यह स्टेशन उन्नत यात्री सूचना प्रणाली से लैस हैं, जहां मुफ्त वाईफाई की सुविधा भी उपलब्ध है। आनंद कुमार के साथ भानु प्रताप सिंह, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

अमृत भारत स्टेशन श्रेणी में कल प्रदेश के उत्तर रेलवे के बिजनौर, सहारनपुर, उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज के करछना, कानपुर के गोविंदपुरी, पुखरायां, आगरा के ईदगाह जंक्शन, फतेहाबाद, गोवर्धन और उत्तर पूर्व रेलवे के मैलानी, गोंडा के स्वामी नारायण छपिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोला गोकर्ण नाथ स्टेशन, रामघाट हाल्ट, थावे, इज्जतनगर, बरेली सिटी, उझानी और हाथरस सिटी स्टेशन का उद्घाटन होगा।

**********

ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के कूटनीतिक प्रयासों और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर करने के लिए जेडीयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय शिष्टमंडल आज पांच देशों की यात्रा पर रवाना हुआ। यह शिष्टमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर का दौरा करेगा।

**********

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता मेजर होशियार सिंह का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट

**हरियाणा में जन्मे मेजर होशियार सिंह जून 1963 में तीसरी ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट में शामिल हुए। 1971 में भारत–पाक युद्ध के दौरान बटालियन को बसंतर नदी पर एक पुल बनाने का काम सौंपा गया था, जो दोनों तरफ गहरी बारूदी सुरंगों से ढकी हुई थी। मेजर सिंह सी कंपनी के कमांडिंग ऑफिसर थे, जिन्हें जरपाल इलाके पर आक्रमण करने का निर्देश दिया गया था। कंपनी पर दुश्मन की ओर से मशीनगनों से भारी गोलाबारी हुआ। दुश्मन की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, मेजर होशियार सिंह हिम्मत नहीं हारे और अपने जवानों को प्रेरित हुए एक खाई से दूसरी खाई तक आगे बढ़ते गए। जब वे अपने जवानों को प्रोत्साहित कर रहे थे, तभी दुश्मन का एक गोला मीडियम मशीन गन पोस्ट के पास आकर गिरा, जिससे चालक दल के लोग घायल हो गए। मेजर होशियार सिंह स्थिति को समझते हुए तुरंत मशीन गन पिट की ओर दौड़ लगाई और खुद गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद गन को संभाला और दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाया। हमले को सफलतापूर्वक मुकाबला किया गया और दुश्मन के कमांडिंग ऑफिसर सहित 85 जवान मारे गए। मेजर होशियार सिंह को उनकी वीरता और कर्तव्य के प्रति अडिग समर्पण के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें सलाम करता है। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग युवाओं के लिये संचालित शैक्षिक संस्थाओं में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया है। आज लखनऊ में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केन्द्रों, समेकित विद्यालयों तथा ममता, स्पर्श और संकेत विद्यालयों का निरंतर निरीक्षण किया जाए। वहां अध्ययन कर रहे बच्चों से संवाद स्थापित कर आवश्यकतानुसार संस्थागत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाय। श्री योगी ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिये संचालित विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पद शीघ्र भरे जायें।

**********

गाजीपुर जिले के मरदह थानाक्षेत्र के नरवर गांव में आज हाईटेंशन तार की चपेट में आने से चार युवकों की मृत्यु हो गई। हादसे में कुछ अन्य लोग घायल भी हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज के भी निर्देश दिये हैं।

**********

गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों में आज सुबह तेज हवा के साथ गरज–चमक के बीच तेज वर्षा हुयी। इसके चलते जहां मौसम सुहाना हो गया वहीं, कुछ स्थानों पर जल–जमाव होने से लोगों का जन–जीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार बादलों के छाये रहने और कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ वर्षा होने की वायुमण्डलीय परिस्थितियां बनी हुई हैं। इससे अगले दो से तीन दिन तक पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में कुछ स्थानों पर रूक–रूक कर वर्षा होते रहने का पूर्वानुमान है।

**********